
देव देवल-एजेंसी
शान की सवारी
नया विचार दैनिक
तेजी से बढ़ता हिन्दी अखबार
अंकुर किताबें ही किताबें
अख़बार, उपन्यास, मासिक पत्रिकायें, खेल-पत्रिका
गोदान
शोभा
अंकुर किताबें ही किताबें



हंसता - खेलता बचपन...
पोलियो..
...मुक्त, खुशहाल बचपन
स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के सौजन्य से
स्वच्छता हमारा है नारा
सुंदर लगे शहर हमारा
– राज्य सरकार के सौजन्य
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें - सब बढ़ें
टिकट
धूम्रपान निषेध
लक्की
चायवाला
सावधान!
आस-पास पड़ी लावारिस वस्तुएं जैसे:- सूटकेस, टिफिन, खिलौना आदि
मेरा प्रयोग



6. छुक-छुक गाड़ी

इ र

छूटी मेरी रेल।
रे बाबू, छूटी मेरी रेल।
हट जाओ, हट जाओ भैया!
मैं न जानूँ, फिर कुछ भैया!
टकरा जाए रेल।

धक-धक, धक-धक, धू-धू, धू-धू!
भक-भक, भक-भक, भू-भू, भू-भू!
छक-छक छक-छक, छू-छू, छू-छू!
करती आई रेल।

इंजन इसका भारी-भरकम।
बढ़ता जाता गमगम गमगम।
धमधम धमधम, धमधम धमधम।
करता ठेलम ठेल।

सुनो गार्ड ने दे दी सीटी।
टिकट देखता फिरता टीटी।
सटी हुई वीटी से वीटी।
करती पेलम पेल।

छूटी मेरी रेल।

इतने सारे रंग

पिछले पन्नों में इन रंगों को ढूँढ़ो। इन रंगों वाली चीज़ों के चित्र बनाओ।

इतने सारे बिखरे रंग !
तुम्हें चाहिए कौन-सा रंग ?

मुझे चाहिए
लाल रंग





मुझे चाहिए
हरा रंग

मुझे चाहिए
पीला रंग



मुझे चाहिए
काला रंग

नाम बताओ



....

....

पूरा करो

छूटी मेरी रेल, रे बाबू .....।

सुनो गार्ड ने दे दी .....।

हर डिब्बे पर उसके रंग वाली किसी चीज़ का नाम लिखो।



अब तक पिछले पन्नों में जितनी भी चीज़ों के नाम आए हैं उनकी सूची बच्चों की मदद से श्यामपट्ट पर लिखें। उन चीज़ों में से किसी एक चीज़ को रंग के अनुसार अलग-अलग रंग के डिब्बों में लिखने को कहें।